# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

( उ0 प्र0 सरकार का एक मात्र मुक्त विश्वविद्यालय : स्थापना वर्ष - 1998 )

# सूचना विवरणिका

## *एमबीए कार्यक्रम 2024-2025*

## *में प्रवेश प्रारंभ*

***School of Management Studies***

**U.P. RAJARSHI TANDON OPEN UNIVERSITY,**

**Shantipuram (Sector-F), Phaphamau, Prayagraj**

**Website: www.uprtou.ac.in**



**Fees 18000/- Per Year**

**NO ENTRANCE EXAM**

# उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

## एम0बी0ए0 कार्यक्रम–2024–25
## महत्वपूर्ण सूचनाएँ

### (1) मान्यता (Recognition)
यह मुक्त विश्वविद्यालय (Open University) उ0प्र0 सरकार का विश्वविद्यालय है, जिसकी कुलाधिपति प्रदेश की श्री राज्यपाल महोदया हैं। इसकी समस्त गतिविधियां **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली (UGC)** द्वारा नियंत्रित की जाती है। एम0बी0ए0 कार्यक्रम विश्वविद्यालय का अत्यन्त प्रतिष्ठित कार्यक्रम है जिसकी मान्यता **All India Council of Technical Education, New Delhi (AICTE)** एवं **Distance Education Board (DEB) New Delhi** द्वारा प्रदान की गई है (www.uprtou.ac.in)

### (2) प्रवेश (Admission)
**प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा समाप्त कर दी गई है।** अब केवल स्नातक स्तर पर 50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रवेश दिया जा रहा हैं। यदि आपके अंक 50 प्रतिशत से कम हैं तब स्नातक के पश्चात तथा प्रवेश लेने से पूर्व आपके पास 03 वर्षो का कार्य अनुभव होना चाहिए। प्रवेश लेते समय यह प्रमाण पत्र आपको अपलोड करना होगा।

### (3) माध्यम (Medium)
एम0बी0ए0 एक प्रोफेशनल कार्यक्रम है जिसका माध्यम अंग्रेजी है। विश्वविद्यालय आपको प्रवेश के बाद जो किताबे देता है। वे सभी अंग्रेजी में होती है किन्तु आप परीक्षा, अधिन्यास सभी कार्य हिन्दी भाषा में कर सकते है।

### (4) अध्ययन केन्द्र एवं परीक्षा (Study Center & Examination Center)
नये नियमों के अनुसार आपको प्रयागराज स्थित विश्वविद्यालय के प्रबन्धन विभाग में प्रवेश दिया जाता है और आप समस्त गतिविधियां विभाग के प्राध्यापकों के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम अथवा पोस्टल माध्यम से पूर्ण करते हैं। परीक्षाएं वर्ष में 02 बार होती है, प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर में और द्वितीय सेमेस्टर जून में। विश्वविद्यालय परीक्षाओं हेतु पूरे उ0प्र0 में 100 से अधिक परीक्षा केन्द्र बनाता है। आपको प्रथम सेमेस्टर में ही अपने आस पास का परीक्षा केन्द्र चुनने का अवसर दिया जाता है। आप प्रथम सेमेस्टर में अपनी पसन्द से परीक्षा केन्द्र चुनते है और बाकी के 03 सेमेस्टर हेतु भी, आपकी इसी पसन्द को लॉक कर दिया जाता है। अब यदि आपको किसी कारणवश अपना परीक्षा केन्द्र बदलने की आवश्यकता होती है तो उसे एक प्रार्थना पत्र देते हुए निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद बदला जा सकता है। **इस प्रकार आप का प्रवेश प्रयागराज स्थित प्रबन्धन विभाग जिसका कोड एस–005 है में होगा और आप परीक्षायें अपनी पसन्द के परीक्षा केन्द्र पर देगे।**

### (5) प्रवेश के लिए दस्तावेज (Important Document for Admission)
1. स्कैन किया हुआ फोटो (100 KB से कम)।

2. स्कैन किए गए हस्ताक्षर (100 KB से कम)।
3. सम्बन्धित शैक्षणिक योग्यता (200 KB से कम) स्नातक प्रमाण पत्र और मार्कशीट की स्कैन कॉपी।
    - हाईस्कूल की अंकतालिका तथा प्रमाणपत्र
    - इण्टर की अंकतालिका तथा प्रमाणपत्र

   (स्नातक 50 प्रतिशत की अंकतालिका तथा प्रमाणपत्र यदि स्नातक में 50 प्रतिशत से कम अंक है तो स्नातक के बाद से, प्रवेश लेने के पूर्व का न्यूनतम तीन वर्षों का कार्य अनुभव प्रमाणपत्र)

4. यदि कोई हो तो अनुभव प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी (200 KB से कम)।
5. अनुसूचित जाति /जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) से सम्बन्धित होने पर श्रेणी प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी (200 KB से कम)।

## (6) शुल्क (Fee)

वर्तमान में एम0बी0ए0 कार्यक्रम के प्रथम वर्ष का शुल्क रू0 18000 प्रतिवर्ष है अर्थात 02 वर्ष की कुल फीस रू0 36000/– होगी। इस फीस में सभी प्रकार की फीस जुडी है जैसे– किताबे (स्व–अध्ययन सामग्री), परीक्षायें आदि। आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय को सभी प्रकार की फीस ऑनलाइन ही दे किसी व्यक्ति को या आफलाइन कभी कोई फीस न दे। यह भी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय निर्धारित फीस रू0 36000/– (18000 + 18000) से अधिक शुल्क आपसे कभी नहीं मांगता है।

## (7) विशेषज्ञता (Specialization)

एम0बी0ए0 कार्यक्रम के तृतीय सेमेस्टर अर्थात द्वितीय वर्ष में विशेषज्ञता प्रदान करने वाले 04 प्रमुख विषयों का अध्ययन कराया जाता है इनमें प्रमुख रूप से Marketing Management, Finance Management, Human Resource Management, Information Technology, Production & Operation Management प्रमुख है।

## (8) स्व अध्ययन सामग्री (किताबें) (Self Learning Material)

एम0बी0ए0 कार्यक्रम के प्रत्येक सेमेस्टर में 06 विषय आपको पढने होते हैं, प्रत्येक विषय से सम्बन्धित पुस्तकें विद्वान अध्यापकों द्वारा लिखी जाती है, जिन्हें आपको उसी फीस के अन्तर्गत स्पीड पोस्ट के माध्यम से आपके दिये पते पर भेजा जाता है। ये किताबें विश्वविद्यालय बेबसाइट (www.uprtou.ac.in) पर भी उपलब्ध है। जब तक पुस्तकें आप तक न पहुंचे आप अपना अध्ययन ऑनलाइन प्रारम्भ कर सकते हैं।

## (9) सेमेस्टर की व्यवस्था

एम0बी0ए0 कार्यक्रम कुल 04 सेमेस्टर का है। एक वर्ष में 02 सेमेस्टर, प्रत्येक सेमेस्टर में कुल 06 विषय आपको पढने होगे। प्रत्येक विषय 100 नम्बर का होगा जिसमें 30 नम्बर का अधिन्यास प्रश्नपत्र आपको लिखना होगा, यह प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय बेबसाइट पर उपलब्ध होता है जिसे आपको घर से करके प्रबन्धन विभाग को स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित तिथियों तक भेजना होता है। इसी प्रकार बचे हुए 70 अंकों हेतु आपको सेमेसटर के अन्त में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में अपनी पसन्द के किसी एक परीक्षा केन्द्र में जाकर लिखित परीक्षाएं देनी होगी। यह ध्यान रखना होगा जो छात्र अपने 30 अंकों के अधिन्यास जमा करेंगे वही 70 अंकों की लिखित परीक्षायें दे पायेंगे।

## (10) लचीली व्यवस्था (Flexible System)

1. एम0बी0ए0 कार्यक्रम न्यूनतम 02 वर्षों में तथा अधिकतम 04 वर्षों में किया जा सकता है।
2. आप नौकरी करते हुए एम0बी0ए0 कर सकते हैं। यहां की कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य नहीं है।
3. यदि आप किसी विश्वविद्यालय से कोई दूसरी डिग्री कर रहे हों तो भी New Education Policy-2020 के अन्तर्गत Dual Degree के रूप में एम0बी0ए0 कार्यक्रम कर सकते हैं।

**नोट–** प्रवेश के साथ–साथ ही छात्रों का एक Wattsapp समूह बना दिया जाता है जिससे आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान कर पठन–पाठन को आसान बनाने का प्रयास किया जाता है।

एम0बी0ए0 कार्यक्रम की किसी भी सूचना के लिए कृपया सम्पर्क करें–

**1. डॉ0 देवेश रंजन त्रिपाठी**
समन्वयक, एम0बी0ए0 कार्यक्रम
**मो0नं0 7525048048, 9451904800**

**2. सुश्री सौम्या तिवारी**
सह–समन्वयक, एम0बी0ए0 कार्यक्रम
**मो0नं0** **638844187**